तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

मनरेगा बचाओ अभियान : रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी




## खबर संक्षेप

### आज शहर में चलेगा स्वच्छता का महाअभियान

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर निगम द्वारा 25 फरवरी से स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जाएगा, जो 14 अप्रैल तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वार्ड एवं बस्तियों में चलाया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे अभियान शुरू होगा, जो कार्य समाप्ति तक जारी रहेगा। व्यापक साफ-सफाई कार्यों के साथ-साथ इस दौरान सडक, फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट लाईट की मरम्मत करने व जल आपूर्ति संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किए जाने का कार्य भी एक अभियान के रूप में संचालित होगा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने मेगा स्वच्छता ड्राईव के संचालन हेतु निगम के वार्डवार नोडल अधिकारियों का दायित्व सौपा गया है, इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि जोन कमिश्नरों या संबंधित अधिकारियों को उनके जोन का नोडल अधिकारी न बनाकर दूसरे जोन के वार्डों का नोडल अधिकारी बनाया जाए ताकि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन धरातलीय स्तर पर करें।

### कुदमुरा में दंतैल की दस्तक से मचा हडक़प

**कोरबा।** जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में एक बार फिर दंतैल हाथी के दस्तक से हडक़ंप मच गया है। सोमवार की रात धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के हाटी क्षेत्र से अचानक धमके दंतैल की सूचना मिलते ही वन विभाग अलर्ट हो गया है और दंतैल की मौजूदगी वाले जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 के आसपास स्थित गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। दंतैल हाथी ने यहां पहुंचते ही फिलहाल बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन इसकी संभावना बनी हुई है। उधर कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में 48 हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। हाथियों का यह दल क्षेत्र में स्थित पहाड़ पर डेरा डाले हुए है। हाथियों को यहां का वातावरण बेहद पसंद आ गया है अतः पहाड़ से नीचे उतरने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। बताया जाता है कि हाथियों को यहां पर पर्याप्त चारा व पानी मिल रहा है।

### अप्पू गार्डन वेव पुल 10 मार्च से शुरू होने के आसार

**कोरबा।** सीएसईबी चौक स्थित अप्पू गार्डन में गर्मी के तेज होने के साथ साथ ही शहरवासियों विशेषकर बच्चों को राहत एवं सुकून मिलेगी। 10 मार्च से वेव पुल (तरणातल) का संचालन शुरू होने के आसार हैं। मरम्मत साफ सफाई इत्यादि कार्यों की तैयारी युद्ध शुरू कर दी गई है। फिलहाल बच्चों की छुकछुक अर्थात चिल्ड्रन अत्यंत मरम्मत योग्य स्थिति में है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही उसे भी ठीक कर संचालन योग्य बनाया जाएगा ताकि बच्चों,लोगों का सपरिवार अप्पू गार्डन की ओर रुझान बढ़ सके।गौतललब हो अप्पू गार्डन में वेव पुल और चिल्ड्रन ट्रेन के लिए पूरे गर्मी सीजन भर लोगों की मौजूदगी बनी रहती है।

### होली पर्व आते ही नगाड़ों की मांग शुरू, सजने लगे बाजार में

**कोरबा।** होली को एक सप्ताह का समय रह गया है और इधर नगाड़ों की मांग सामान्य बनी हुई है। सीतामणी और कोहडिय़ा क्षेत्र में चर्म आधारित काम करने वाला वर्ग नगाड़े तैयार कर रहा है। इसमें अलग-अलग साइज शामिल हैं। इक्का-दुक्का स्थान पर इनकी दुकानें लगी है लेकिन सुबह से शाम तक ग्राहकों का इंतजार करना पेशेवरों के लिए मुसीबत बन रहा है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों से नगाड़े बनते ज्यादा हैं लेकिन बिक्री कम होती है। ऐसे में मेहनत का फल भी नहीं मिल पाता।

# अब खदान के अपशिष्ट रिसाइक्लिंग के लिए अनिवार्य नहीं पर्यावरणीय मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सरकार ने मौजूदा खदान क्षेत्रों में टेलिंग्स की रीसाइक्लिंग को नई पर्यावरण मंजूरी से छूट दे दी है। इससे खनन कंपनियों को काम में तेजी, लागत में कमी और संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिलेगी। आइए विस्तार से जानते हैं। खनन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने मौजूदा खनन पट्टों के भीतर टेलिंग्स के पुनर्चक्रण को नई पर्यावरण मंजूरी की अनिवार्यता से छूट दे दी है।

सूत्रों के अनुसार इस फैसले का उद्देश्य टिकाऊ खनन प्रथाओं को बढ़ावा देना और नियामकीय बाधाओं को कम करना है। नई व्यवस्था के तहत खनन कंपनियां अब अयस्क निष्कर्षण के बाद बचने वाले अपशिष्ट पदार्थ, यानी टेलिंग्स, को उसी स्वीकृत खनन क्षेत्र में दोबारा प्रोसेस कर उपयोगी खनिज, पानी या अन्य संसाधन निकाल सकेंगी, बिना अलग से पर्यावरण मंजूरी का इंतजार किए। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग होने के साथ पर्यावरणीय प्रभाव भी कम होने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि पहले स्वीकृत खदान क्षेत्रों के भीतर भी टेलिंग्स रीसाइक्लिंग जैसी गतिविधियों के लिए अलग से पर्यावरण मंजूरी लेनी पड़ती थी, जिससे परियोजनाओं में देरी होती थी और लागत बढ़ती थी। अब नए नियम के बाद कोयला खनन करने वाली कंपनियों को खदानों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के रिसायकलिंग के लिए पर्यावरणीय मंजूरी की दरकार नहीं है। बिना पर्यावरण मंजूरी के ही अब खनन कंपनियां अपशिष्ट पदार्थों का रिसायकलिंग कर उपयोगी खनिज सहित अन्य संसाधन निकाल सकेगी।

### खनन कंपनियों को मिली बड़ी राहत

**खास बातें**

- फैसले के उद्देश्य टिकाऊ खनन, प्रथाओं को बढ़ावा देना
- खनन कंपनियों को लागत में कमी और संसाधन के बेहतर उपयोग में मिलेगी मदद



## मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई झरना के समीप मंगलवार की सुबह हुई घटना

# ट्रक व ट्रेलर के बीच भिड़त लगी आग, चालक परिचालक जले जिंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा अंबिकापुर नेशनल हाईवे में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की अलसुबह सीमेंट लोड ट्रक व कोयला लोड ट्रेलर के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से दोनों वाहनों में आग लग गई और चंद मिनटों में ही आग ने विकराल रूप ले लिया और ट्रक में सवार चालक व परिचालक गाड़ी में फंस गये थे जिसकी वजह से आग की लपटों में फंस गये और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उनका शव भी पूरी तरह से जल गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग को काबू किया गया जिसके बाद मार्ग को बहाल किया जा सका।

**खास बात**

- सीमेंट लोड कर बलौदा बाजार से तातापानी जा रही थी ट्रक



ककक

जानकारी के अनुसार झारखंड के वीरबांधा निवासी फैजान अंसारी 22 वर्ष पिता आलम अंसारी व परिचालक इनामुल हक अंसारी 22 वर्ष पिता अमरूल अंसारी ट्रक क्रमांक सीजी 22 एजे 9915 में बलौदा बाजार से अल्ट्राटेक सीमेंट लोड कर तातापानी के लिए रवाना हुए थे। बताया जाता है कि सोमवार की देर रात कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर सुतर्रा के समीप अपनी ट्रक को रोककर इन्होंने आराम किया था जिसके उपरांत रात लगभग 3 बजे सीमेंट लोड ट्रक लेकर दोनों चालक व परिचालक तातापानी के लिए पुनः रवाना हुए थे। बताया जाता है कि सुबह लगभग 6 बजे मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत केंदई झरना के समीप पहुंचे थे कि सामने की ओर से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 सीए 2607 के बीच दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई और देखते ही देखते आग में विकराल रूप ले लिया। ट्रक में सवार फैजान अंसारी और इनामुल हक अंसारी दोनों ही ट्रक में ही फंस गए थे और आग की लपटों के बीच पूरी तरह से जल गए। हादसे की सूचना मिलते ही मोरगा चौकी प्रभारी मंगतू राम मरकाम दलबल सहित फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह आग को काबू किया जा सका। इसके उपरांत इस हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को दी गई। चौकी प्रभारी मंगतूराम ने बताया कि फैजान अंसारी और इनामुल हक अंसारी पूरी तरह से जल चुके थे। उनकी अस्थियां ही बरामद की गई है। मामले में पुलिस वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि दूसरे ट्रेलर के चालक व परिचालक मौके से फरार हो गये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इस मार्ग में सात लोगों की हो चुकी है मौत

मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई झरना के समीप जिस स्थल पर हादसा हुआ है वह सबसे खतरनाक स्थल माना जा रहा है। आज से ठीक 11 दिन पूर्व इसी स्थान पर एक अज्ञात वाहन ने कार को ठोकर मार दी थी जिससे कार में सवार ग्राम सरमा निवासी दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जबकि दो दिन पहले ही इसी मार्ग में हसदेव पुल के पहले देर रात को दो ट्रकों के बीच आमने सामने भिंड़त हुई थी जिससे दो लोगों की मौत हो गई थी। चौकी प्रभारी मंगतूराम ने बताया कि इसी माह में अब तक इस मार्ग में कुल 7 लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार बढ़ती दुर्घटना ने पुलिस का टेंशन बढ़ा दिया है।

### आखिर कब जागेगा एनएचआई

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्यमार्ग का निर्माण हुआ है तब से यह मार्ग खूनी मार्ग के नाम से जाना जाने लगा है। इस मार्ग में गुजरने वाले लोग हवा की रफ्तार से बात करते हैं और मार्ग में डिवाईडर नहीं होने की वजह से मार्ग में आमने सामने की भिंड़त होती है जब भी इस मार्ग में हादसे होते हैं वह बड़े ही होते हैं। लगातार हादसों का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है। जिला व पुलिस प्रशासन निश्चितरुप से इन हादसों को रोकने की दिशा पर पहल तो कर रहा है लेकिन नतीजा सिफर ही नजर आ रहा है। जब तक एनएचआई प्रबंधन इस मार्ग में डिवाईडर बनाने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं करता तब तक इस मार्ग में ऐसे हादसे होते रहेंगे। इसलिए डिवाईडर बनाने की दिशा पर एनएचआई को ठोस पहल करनी चाहिए ताकि हादसों को रोका जा सके।

# राशन वितरण नहीं होने से पीडीएस संचालकों ने किया हंगामा



हंगामा करते पीडीएस संचालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस से जुड़े लोगों ने हंगामा कर दिया है। सोसाइटी संचालकों का आरोप है कि गोदाम से उनके लिए खाद्यान्न नहीं भेजे जाने से कार्ड धारी भी परेशान हो चले हैं। संचालकों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं, जिसके कारण उनका दुकान में बैठना मुश्किल हो गया है। जिले की एफसीआई गोदाम में बड़ी संख्या में पीडीएस संचालक एकत्रित हो गए, उन्हें जब पता चला कि उनके शहरी क्षेत्र में खाद्यान्न की आपूर्ति की बजाय ग्रामीण क्षेत्र में राशन भेजा जा रहा है, तो वह जिम्मेदार लोगों पर बरस पड़े। बातचीत से शुरू हुई तकरार मारपीट तक पहुंचती, इससे पहले ही किसी तरह कुछ लोगों ने हस्तक्षेप कर विवाद को बढ़ाने से रोक लिया। पीडीएस से जुड़े लोगों ने बताया की परिवहन व्यवस्था में परिवर्तन कर देने से शहरी क्षेत्र में राशन के लिए त्राहि-त्राहि मच गई। पीडीएस संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया की खाद्यान्न नहीं मिलने के कारण हम लोगों का दुकान चलाना मुश्किल हो गया है। कार्ड धारी उत्तेजित हो जाते हैं, उन्हें संभालना बड़ा मुश्किल हो जाता है। पीडीएस संघ के संरक्षक रामकुमार सिंह ने बताया की भंडारण की व्यवस्था शून्य है, कार्ड धारी परेशान होकर हमें भी परेशान कर रहे हैं। विभाग के कुछ लोगों की लापरवाही के कारण गरीबों के घरों में चूल्हा नहीं जल रहा है ऐसी दशा में हुए दुकानदारों पर आरोप लगा रहे हैं। इस मामले में एफसीआई के एक अधिकारी ने बताया की व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

# रेत खदानों में लगाया गया डिस्प्ले, आम नागरिकों को मिल सकेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिला में स्वीकृत सभी 20 रेत खदानों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण कर लिया गया है।

**खास बात**

- अवैध उत्खनन रोकने हेतु टीम सक्रिय, मोबाइल नंबर पर की जा सकती है शिकायत




ककक

प्रत्येक रेत खदान के मुख्य मार्ग तथा खदान क्षेत्र के समीप उत्खनन-पट्टा विवरण की पट्टिकाएँ स्थापित की गई हैं, जिससे आम नागरिकों को खदान की स्वीकृति, संचालन और संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सके।

खदान क्षेत्र के दोनों ओर प्रारंभिक सीमा और अंतिम सीमा बिंदुओं पर स्पष्ट बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे खदान की परिसीमा स्पष्ट रूप से चिह्नित रहे और अनधिकृत गतिविधियों को रोका जा सके। इसके साथ ही खदान क्षेत्र में दिशा-सूचक पट्टिकाएँ भी स्थापित कर दी गई हैं, जिससे ⏭ शेष पेज 3 पर

# घर के छप्पर में बैठा था अजगर रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा गया जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला क्षेत्र ग्राम बागबुडा में एक व्यक्ति के कच्चे मकान के छप्पर में एक विशाल अजगर चढ़कर बैठा हुआ था, जिस पर घर वालों की नजर पड़ी तो यह सोच कर हक्के बक्के रह गए कि इतनी ऊंचाई पर आखिर अजगर पहुंचा कैसे फिर घर वालों ने उसको भागने का काफी प्रयास किया जिस पर वो सफल नहीं हो सके आखिकार थक हार कर इसकी जानकारी रेस्क्यु टीम जितेंद्र सारथी को दिया गया। जितेंद्र सारथी अपने टीम मेंबर भूपेंद्र जगत के साथ वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के मदद से 15 फीट ऊंचे छप्पर में चढ़ कर खपरे को हटाया गया, कच्चे मकान के ऊपर चढ़ कर बड़ी सावधानी से आखिरकार 8 फीट के विशाल काय



अजगर को नीचे लाया गया फिर उसे सुरक्षित थैले में डाला गया तब जाकर सभी ने राहत भरी सांस लिया फिर उसे सुरक्षित प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया।

## आयुक्त ने वार्डों का किया भ्रमण स्वच्छता कार्यों का किया निरीक्षण

# सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने वालों पर गिरी गाज, 73 सौ रुवए ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम अमले ने कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य के लिए हानिकारक व प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालो एवं कचरे का उचित प्रबंधन न करने वालों पर आज 73 सौ रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। वहीं संबंधितों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे दुकानों, प्रतिष्ठानों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें, निगम द्वारा इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है, तथा कार्यवाही की जा रही है।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की टीम के साथ



निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त व अन्य।

गुरूघांसीदास चौक से लेकर मुड़ापार बस्ती की गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, बस्ती की समस्याओं का सघन रूप से जायजा लिया तथा निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गुरूघांसीदास चौक में अव्यवस्थित रूप से लगाये गये ठेलों एवं वहाँ की व्यवस्था में सुधार लाने के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की तथा समुचित दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मुड़ापार बस्ती पहुंचकर विभिन्न मोहल्लों का पैदल भ्रमण किया, साफ-सफाई कार्यो को देखा, बस्तीवासियो से समस्याओं पर चर्चा तथा अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि गुरूघांसीदास चौक के समीप खुले में कचरा फेंका गया है और कार्यवाही करते हुए एक हजार रुपए और तीन हजार रुपए का अर्थदण्ड आरोपित किये जाने के निर्देश दिये हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं जोन कमिश्नर सुनील टांडे ने बताया कि निगम की टीम ने सर्वमंगला मंदिर परिसर के समीप लगने वाली दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया, दुकानदारों द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग आदि का उपयोग करते पाये जाने पर निगम अमले ने 33 सौ रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।

### बनाया जाएगा प्लास्टिक फ्री जोन

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में हम सभी के श्रद्धा का केन्द्र माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर को निगम द्वारा पूर्णतः प्रतिबंधित प्लास्टिक फ्री जोन बनाया गया है, पिछले वर्ष मंदिर परिसर में प्रसाद, पूजन सामग्री आदि का व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों व सबकी सहमति से मंदिर परिसर को प्रतिबंधित प्लास्टिक फ्री जोन घोषित किया गया था।

### तुंगन बने हरदीबाजार भाजपा मंडल के किसान मोर्चा अध्यक्ष



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष आलोक चंद्र ठाकुर के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के अनुशंसा में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामनारायण सराफ के द्वारा हरदीबाजार भाजपा मंडल से भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष तुंगन पटेल को बनाया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोदी ने बताया कि श्री पटेल पार्टी के लिए निरंतर काम करते आ रहे हैं जिसकी वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बनने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं हर्ष व्याप्त है।

**खबर संक्षेप**

## कुत्ते ने चौकीदार को काटा मालिक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कालोनी का पानी खोलने जा रहे चौकीदार को पालतु कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने कुत्ता मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, मन्नू बंजारे पिता सम्मे सिंग बंजारे तिफरा विजय बिहार बिड़ी कालोनी में रहकर कालोनी की चौकीदारी का काम करता है। 24 फरवरी की सुबह 10 बजे कालोनी का पानी खोलने जा रहा था। उसी दौरान आरपीएस गाहिरे के पालतु कुत्ते ने उसेके पैर में काटकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने चौकीदार की रिपोर्ट पर कुत्ता मालिक आरपीएस गाहिरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बिलासपुर। अत्याधिक शराब पीने के बाद युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विकास सेंगर ने बताया, मिनी माता नगर निवासी विजय काटले पिता बालाराम काटले 35 साल शराब पीने का आदि था। सोमवार को दोपहर में अत्याधिक शराब पीकर घर आया और अपने कमरे में चला गया। शाम 4 बजे उसका भाई घर आया और उसके कमरे में जाकर देखा तो वह फांसी पर लटका मिला। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## धारदार हथियार से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि 23 फरवरी की शाम 6 बजे ग्राम जलसो निवासी सुनील कौशिक सामान खरीदने के लिए गांव के गुड़ी चौक के पास गया था। वहां पहले से चंदर उर्फ टोबो वर्मा खड़ा हुआ था। वह सुनील कौशिक को रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर उसने हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया था। पुलिस ने सुनील कौशिक की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 119, 1 के तहत हमलावर चंदर उर्फ टोबो वर्मा पिता दिलहरण वर्मा 21 साल जलसों निवासी को गिरफ्तार कर लिया हैं

## युवती से नकद रकम और मोबाइल की लूट

**बिलासपुर।** स्कूटी सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर युवती के हाथ से पर्स सहित नकद रकम,



मोबाइल लूट लिया और भाग गए। मामले में पुलिस ने टिकरापारा अटल आवास निवासी सौरभ पासी पिता दिनेश पासी को पकड़कर स्कूटी व लूट का माल जब्त कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द सतबहनिया मंदिर निवासी चट्रती रीता राव पति चट्रती शिव कुमार राव 23 फरवरी को स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एपी, 2103 से अपनी 12 वर्षीय बेटी एवं 19 वर्षीय भतीजी के साथ जीत कांटिनेंटल होटल में एक पार्टी में जा रहे थे। होटल के पास पीछे से अज्ञात स्कूटी से दो लोग पहुंचे और युवती के हाथ से पर्स लूटकर भाग गए। पर्स में मोबाइल, 4 हजार 500 रुपए, आलमारी एवं घर की चाबी रखी हुई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**पानी सप्लाई हो रही प्रभावित**

### कोलकाता से मैकनिकल ज्वाइंट रबर गास्गेट मंगाकर हो रहा काम

# अशोक नगर में पाइप लाइन में कई जगहों पर लीकेज, परेशानी बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर चौक के पास अमृत मिशन के पाइपलाइन में सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि निगम को इसमें काफी परेशानी हो रही है क्योंकि पाइपलाइन में कई जगहों पर लीकेज भी मिला है।

इस पाइप को बदला जा रहा है। इस सुधार कार्य के कारण बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई दो दिन बंद रहेगी। 24 और 25 फरवरी शहर के सभी उच्चस्तरीय पानी टंकियों से कम मात्रा में जल सप्लाई की जा रही है। इससे परेशानी हो रही है। निगम के मुताबिक अशोक नगर चौक में 1000 एमएम के जल प्रदाय पाइप में सुधार कार्य मंगलवार से शुरू किया जाएगा। इसके लिए बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से 23 फरवरी की रात 11 बजे से ही पानी सप्लाई बंद कर दी गई थी। हालांकि निगम के मुताबिक आवश्यकता पड़ने पर पर प्रभावित एरिया में टैंकर के माध्यम से जल प्रदाय किया जाएगा।ध्यान रहे कि अशोकनगर चौक में पिछले एक करीब एक पखवाड़े से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है। निगम ने कोलकाता से मैकनिकल ज्वाइंट रबर गास्गेट मंगा लिया गया है जिसे मंगलवार से मौके पर लगाया जा रहा है।



अशोक नगर चौक में पाइप लाइन मरम्मत का कार्य जारी है।

यह एक हजार एमएम का मोटा पाइप है जिसे लगाने में दो दिन लगेगा। फिलहाल इस रास्ते और चौक से पैदल गुजरना मुश्किल है। सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है।

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कई जगहों पर लीकेज

इस लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। खुदाई के दौरान अमृत मिशन की पानी सप्लाई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बह रहा है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने रबर बांधकर लीकेज रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक सड़क पर कीचड़ और बढ़ चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काफी देर तक पानी व्यर्थ बहता रहा। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है तो कई जगहों से लीकेज भी मिला है।

### अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग के सामने छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

# परीक्षाओं के बीच फंसे एयू के छात्र, गेट पर घेराव कर की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी के बीच ही अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कालेजों की परीक्षा फंस रही है। इससे छात्र-छात्राएं या तो सीयूईटी एवं कालेज में परीक्षा दोनों से एक ही में शामिल हो पाएंगे। इसलिए इसके विरोध में परीक्षा टाईम टेबल में संशोधन की मांग करते हुए यूनिवर्सिटी का घेराव एवं जमकर प्रदर्शन किया।

- **विरोध में छात्रों ने एयू का किया घेराव**
- **परीक्षा नियंत्रक से मिलकर बताई समस्या**

कालेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की भीड़ मंगलवार को अटल यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग पहुंची और नारेबाजी विरोध प्रदर्शन करते हुए घेराव कर दी। छात्रों की भीड़ आते देख यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने तत्काल परीक्षा विभाग का गेट बंद कर दिया जिसपर छात्र-छात्राएं गेट के सामने धरना पर बैठकर यूनिवर्सिटी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर छात्रहितों की अनदेखी करने और दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। यूनिवर्सिटी द्वारा जारी की गई वर्तमन परीक्षा समय सारिणी में दो परीक्षाओं के मध्य मात्र एक या दो दिन का ही अंतराल रखा गया है, जिससे हजारों विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं के समक्ष अब समस्या यह है कि वे या तो अपने कालेज की परीक्षाएं दिलाए या फिर सीयूईटी समेत राष्ट्रीय स्तर की अन्य परीक्षाओं में शामिल हों। छात्रों के अनुसार इतने कम समय में विषयों की समुचित तैयारी कर पाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है जिससे उनके परीक्षा परिणाम और शैक्षणिक भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विद्यार्थियों ने यह भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई कि यूनिवर्सिटी की परीक्षा तिथियां राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षाओं से टकरा रही है।



### यूजी-पीजी परीक्षा से टकरा रहे ये एग्जाम

- जेईई मुख्य सत्र 1 - 21 जनवरी से 30 जनवरी 2026
- जेईई मुख्य सत्र 2 - 2 अप्रैल से 9 अप्रैल 2026
- सीयूईटी पीजी 2026 - 6 मार्च से 27 मार्च 2026
- सीयूईटी यूजी 2026 - मई माह में संभावित
- नीट यूजी 2026 - 3 मई से संभावित
- यूजीसी नेट 2026 - जून माह में संभावित

### छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

यूनिवर्सिटी घेराव करने वाले छात्र-छात्राओं का कहना है कि यदि यूनिवर्सिटी की परीक्षा समय सारिणी में संशोधन नहीं किया गया तो अनेक छात्र-छात्राएं इन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित हो सकते हैं जो उनके भविष्य और कैरियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। छात्रों की ओर से यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक रामेश्वर राठौर और डिप्टी रजिस्ट्रार कुरैशी से मिलकर मांग की गई कि दो परीक्षाओं के बीच कम से कम 2-3 दिनों का अंतराल हो तथा राष्ट्रीय परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए समय सारिणी में संशोधन कर पुनः जारी किया जाए। छात्रों ने उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं होने पर उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यूनिवर्सिटी घेराव करने पहुंचे छात्रों में मनीष मिश्रा, निखिल, हेमराज, सुरेश, राज, जय दुर्गेश, प्रेम, विशाल, राजा, योगेश, स्वामिल, सिमोन, शिवम, हिमांशु, आदित्य, नंदिनी, आकांक्षा, अनुष्का, रिया, कृशिका, निम्मी, तीसा, मधु, भारती, एनी, यास्मीन आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### परीक्षा में संशोधन का कर रहे मांग

आगामी दिनों में कालेजों में सेमेस्टर और वार्षिक पद्धति से यूजी-पीजी कक्षाओं की परीक्षा आयोजित होना है, जिसके परीक्षा समय सारणी में संशोधन की मांग छात्रों द्वारा की जा रही है। इसी संबंध में आज छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी प्रदर्शन करने आए थे।

**-रामेश्वर राठौर**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

**निगम अमले से झूमाझटकी और गाली गलौज**

# कालोनी का गेट खुलवाने के दौरान जमकर हंगामा



निगम अमले से विवाद करते कॉलोनीवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोक नगर सरकंडा स्थित ड्रीम इनक्लेव कॉलोनी में गरीबों के मकान तक जाने वाले रास्ते को बंद कर लगाया गया गेट मंगलवार को खोल दिया गया। निगम की इस कार्रवाई का वहां के लोगों ने जमकर विरोध किया। यहां तक कि कार्रवाई कर लौटी निगम के जाने के बाद कालोनी के कमलकांत शुक्ला, गार्ड गिरीश और अन्य लोगों ने गेट में फिर से ताला लगा दिया। कार्रवाई के दौरान कालोनिवासियों ने निगम अमले से गाली गलौज से लेकर झूमझटकी तक की और निगम अधिकारियों के हाथ पकड़ लिए। विवाद बढ़ने के बाद शासकीय काम में बाधा डालने का मामला बनाए जाने की चेतावनी के बाद लोग शांत पड़े। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के मुताबिक ले आउट में जो रास्ता स्वीकृत है उसी हिसाब से कार्रवाई की गई है।

- **निगम कर्मचारियों के जाने के बाद कुछ लोगों ने गेट में फिर से ताला लगा दिया**

दरअसल ड्रीम इनक्लेव एक पूर्ण विकसित कॉलोनी है, जिसे नगर निगम द्वारा पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। यहां कुल 37 मकान बनाए गए हैं।

### कुछ लागों ने गेट बंद कर दिया था

ध्यान रहे कि निगम द्वारा कॉलोनी के पिछले हिस्से में निर्मित ईडब्ल्यूएस (अटल आवास) भवन के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, वहां तक पहुंचने के लिए अलग मार्ग और सुविधाएं उपलब्ध कराईं जा रहीं हैं। निगम के मुताबिक 25 फिट का रास्ता इसके लिए अलग से बनाया गया है लेकिन कुछ लोगों ने इस रास्ते पर गेट लगाकर इसे बंद कर दिया गया है। इस कारण इन लोगों को परेशानी हो रही है। अब निगम ने इसी गेट को खोलने की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि इसी गेट से ईडब्ल्यूएस के मकानों का रास्ता बनाया गया था। मजदूरों व संबंधित लोगों का आवागमन भी कॉलोनी के पिछले गेट से होता रहा है। अब जब इन मकानों में लोग शिफ्ट होने लगे तो तब कुछ लागों ने गेट बंद कर दिया था।

कॉलोनीवासियों के अनुसार बिल्डर द्वारा अतिरिक्त विकास के लिए निगम को वांछित राशि भी जमा की जा चुकी है, ऐसे में कॉलोनी के अग्रिम विकास, रख-रखाव और मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी अब नगर निगम की है। यहां के लोगों ने बताया कि "ड्रीम इनक्लेव आवासीय सहकारी समिति मर्यादित" (पंजीयन क्रमांक 768) का गठन भी किया है।

## नौकरी देने का झांसा, युवक का म्यूल बैंक खाता खोलकर 53 लाख का लेनदेन

**बिलासपुर।** पुलिस ने नौकरी देने की बात कहकर युवक का म्यूल बैंक खाता खोलकर 6 माह में 53 लाख की लेनदेन करने वाले मैट्रीमोनियल साइट रिश्ते पाइंट के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन थाना के एसआई ओपी कुर्रे ने बताया कि नेहरू नगर में आकाश डहरिया रिश्ते पाइंट नामक मैट्रीमोनियल साइट चलाया जाता है। उसने मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी झंगल सिंह को अपने कार्यालय में नौकरी व वेतन देने की बात कहते हुए उससे जरूरी दस्तावेज ले लिया। उक्त दस्तावेज से झंगल सिंह के नाम पर बैंक एकाउंट भी खोल लिया। अप्रैल 2025 से नम्बर 2025 तक 6 माह में युवक के बैंक एकाउंट में 53 लाख रुपए का लेनदेन किया गया था। साइबर फ्राड की शिकायत पर उक्त बैंक खाते को साइबर थाना के द्वारा होल्ड करा दिया गया।

साइबर थाना में झंगल सिंह से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उक्त बैंक खाते की जानकारी ही नहीं है। उसके बाद झंगल सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर आकाश डहिरया के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 317, 5, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सड़क पर बर्थडे मनाने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सड़क पर केक काट कर बर्थडे मनाने वाले बुलेट, स्कूटी चालक एवं साथियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। बीते रविवार को सोशल मीडिया में रतनपुर रोड़ राधाकृष्ण मंदिर के पास सड़क में दो युवक, दो युवतियों की केक काटकर आतिशबाजी करते और गन लाइटर जलाकर हुड़दंग मचाते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने जांच के बाद बर्थडे मनाने वाले बुलेट क्रमांक सीजी 04 एसयू, 0562 व स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एसी, 6822 के चालक दुर्ग निवासी यश चंद्रा एवं साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 285 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## चोरों को पकड़ने दिल्ली गई टीम बैरंग लौटी

**बिलासपुर।** चोरों ने साकेत अपार्टमेंट के दो फ्लैट में धावा बोलकर रूबी नेकलेस, 15 तोला सोना व नकद रकम चोरी कर लिया था। तकनीकी साक्ष्य से चोरों को पकड़ने दिल्ली गई पुलिस टीम तीसरी बार बैरंग लौट आई है।

29 सितंबर 2025 को सिविल लाइन क्षेत्र के अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट निवासी व्यवसायी संतोष खण्डेलवाल व तीसरी मंजिल निवासी एहसान अखलाख के सूने फ्लैट के दरवाजे का लॉक तोड़कर 5 लाख रुपए की रूबी नेकलेस, 15 तोला सोने के जेवर, नकद रकम चोरी कर ली गई थी। बड़ी चोरी की वारदात होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने खुद जाकर मुआयना किया गया था और सिविल लाइन व एसीसीयू टीम को चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया था। तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर पुलिस टीम चोरों को पकड़ने दिल्ली गई थी। कुछ दिन दिल्ली में रहकर चोरों के पतासाजी करने में लगी रही लेकिन सफलता हाथ नहीं लगने पर सोमवार लौट आई। इससे पहले भी दो बार पुलिस टीम दिल्ली से बैरंग लौट चुकी है।

# शहर में कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट बंद, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट बंद हो गई है। निगम का इस तरफ ध्यान नहीं है। खास तौर पर आउटर के क्षेत्रों से लगातार शिकायत पहुंच रही है।

राजकिशोर नगर, खमतराई रोड पर कई स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है। स्थानीय रहवासियों और राहगीरों को रात के समय आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग होने के कारण इस सड़क से रोजाना बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं, लेकिन रोशनी के अभाव में दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों का खतरा बढ़ गया है।नागरिकों का कहना है कि शाम ढलते ही सड़क पर घना अंधेरा छा जाता है। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को गड्ढों और अव्यवस्थित यातायात के कारण जोखिम उठाना पड़ता है। स्ट्रीट लाइट के लिए निगम की ओर से कई बार टेंडर भी किया गया लेकिन काम शुरू नहीं हो पा रहा है। बिजली की समस्या पिछले दिनों सामान्य सभा में जमकर उठी थी। कई पार्षदों ने सत्ता पक्ष से इस बारे में सवाल किया था। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने समस्या के निराकरण और लाइट लगाने की बात कही थी। साथ ही हर वार्ड के लिए अलग से राशि का प्रावधान भी करने का आश्वासन दिया गया था

## पीएम आवास योजना के लिए 964 आवेदन अपात्र

**बिलासपुर।** निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के लिए 4710 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद 3149 आवेदनों को पात्र पाया गया है, जबकि 964 आवेदनों को अपात्र घोषित किया गया है। वहीं 597 आवेदन अभी परीक्षण के लिए लंबित हैं, जिनकी जांच प्रक्रिया जारी है। लंबित आवेदनों के निराकरण के बाद पात्र हितग्राहियों की संख्या में और वृद्धि संभव है। योजना के तहत अब तक कुल 2175 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें से वर्तमान तिथि तक 6 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 1159 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के इन्क्लेव घटक अंतर्गत कुल 192 आवासों का आवंटन किया गया है। इनमें 87 आवास राजकिशोर नगर, 29 ड्रीम इन्क्लेव और 76 इमलीभाठा क्षेत्र में आवंटित किए गए हैं।

# दूसरे की भूमि को अपना बताकर दो लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** दूसरे की जमीन को अपना बताकर 2 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से जनरल पावर ऑफ अटार्नी को भी जब्त किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारपुर चर्च रोड निवासी प्रितपाल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मीना एवं देवपति के स्वामित्व की भूमि सूरजपुर जिले के लटोरी मोरभंज में मौजूद है। उक्त भूमि के उप पंजीकृत अधिकार पत्र के आधार पर आरोपी राजेश कुमार पाण्डेय ने 21 जुलाई 2022 को 35 लाख रुपए में उक्त भूमि का सौदा कर लिया और अग्रिम राशि 2 लाख रुपए चेक के माध्यम से लिए। इस दौरान आरोपी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा था कि पूरी राशि मिलने के बाद वह भूमि के बिक्री की सम्पूर्ण कार्रवाही करेगा लेकिन रूपए लेने के बाद वह जमीन की बिक्री नहीं कर रहा था। इस दौरान यह बात सामने आई कि राजेश कुमार पाण्डेय के नाम उक्त भूमि की पावर ऑफ अटार्नी 2023 में आई थी जबकि उसने 2022 में ही पावर ऑफ अटार्नी के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए 2 लाख रुपए का चेक ले लिया था। जब प्रितपाल सिंह द्वारा अपने रूपए वापस मांगे गए तो आरोपी रूपए देने को तैयार नहीं था। ऐसे में उसने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। कोतवाली पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि प्रार्थी को कूटरचित अधिकार पत्र दिखाकर 21 जुलाई 2022 को भूमि कय विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया गया है जबकि मूल भूमि स्वामी देवमति से आरोपी के द्वारा 6 मार्च 2023 को मुख्तारनामा आम जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दो वर्ष के लिये लिया गया है। ऐसे में कोतवाली पुलिस ने केदारपुर तिवारी बिल्डिंग रोड निवासी 41 वर्षीय राजेश कुमार पाण्डेय आ. राजन कुमार पाण्डेय को भादवि की धारा 420, 467,468, 471 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी को जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि केके यादव, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक जयदीप सिंह, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अमनपुरी, शिव राजवाड़े, दीपक दास मंटू गुप्ता सक्रिय रहे।



# वनकर्मियों को ट्रेलर ने मारी टक्कर, किया गया रेफर

**राजपुर।** बलरामपुर जिले के ग्राम कोदो डिपा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में एक ट्रेलर ने मोटरसाइकिल में सवार दो लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। दोनों व्यक्ति वन विभाग में पदस्थ है।

इस टक्कर से दोनों कर्मचारियों के पैर फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है। बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बासेन में दरोगा के पद पर पदस्थ शांति प्रकाश लकड़ा एवं सिपाही विक्रम बखला अपने होंडा मोटरसाइकिल से किसी काम से बासेन से पास्ता की ओर जा रहे थे इस दौरान कोदोडिपा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में पुल के समीप पीछे से आ रही ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# नाले पर बनी सड़क, दुकानदारों का कब्जा

**बिलासपुर।** शहर के बीच से नाले के उपर बनाई गई सड़क पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। यहां खरीददारी करने पहुंचने वाले लोग अपनी गाड़ियों को खड़ी कर देते हैं जिससे सड़क जाम हो रही है।

स्थानीय निवासियों ने इस बारे में निगम से शिकायत की है। पहले से ही संकरी इस सड़क पर वर्षों से कबाड़ हालत में खड़ी कारों ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। कई वाहन ऐसे हैं, जिन्हें लंबे समय से हटाया नहीं गया है, जिससे रास्ता और संकरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है। वहीं अस्पताल आने वाले मरीजों और एंबुलेंस को भी रास्ता साफ नहीं मिल पाता, जिससे आपात स्थिति में खतरा बढ़ जाता है। लोगों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि सड़क किनारे खड़ी कबाड़ गाड़ियों को तत्काल हटाया जाए और नो-पार्किंग के सख्त नियम लागू किए जाएं।

## खबर संक्षेप

### डॉ.नागेन्द्र बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**कोरबा।** भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की सहमति से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक डॉ.देवेन्द्र कश्यप ने की नियुक्ति। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की सहमति से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक डॉ.देवेन्द्र कश्यप ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की। जिसमें डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक आज

**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा की बैठक 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में वनमंडल कोरबा, कटघोरा अंतर्गत विभागीय एवं कैम्पा मद की समीक्षा, लोक निर्माण विभाग की समीक्षा, शिक्षा विभाग की समीक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा, कृषि विभाग की समीक्षा तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा एवं आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। संबंधित सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

**कोरबा।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रगति की मॉनिटरिंग हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के द्वारा 23 फरवरी को सामु.स्वा.केन्द्र पाली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदीबाजार,आयुष्मान आरोग्य मंदिर(उप स्वास्थ्य केन्द्र)नुनेरा, नोनबिर्रा,बोईदा, चोढ़ा तथा उतरदा तथा कटघोरा विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल सराफ उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, ओटी, एनआरसी, दवा वितरण कक्ष, भंडार कक्ष, प्रयोगशाला, एक्स-रे कक्ष का अवलोकन किए तथा संधारित अभिलेखों को देखकर कमियों में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

### सिर्फ आंकड़ों का बजट : राजकिशोर



**कोरबा।** बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी का बजट है। इस बजट में ना तो महंगाई को कम करने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है, ना ही युवाओं को सरकारी नौकरी देने की मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का कोई ईमानदार प्रयास है। इसके साथ ही लघु और मध्यम उद्योगों के लिए इस बजट में ना तो कोई पैकेज है ना कोई सब्सिडी ना कोई राहत है।

### राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में खुशबू जिले को मिला द्वितीय स्थान



**गेवरा दीपका।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति सत्र 2025-26 के तहत जिला एवं राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें द्वितीय चरण की परीक्षा (जिला स्तरीय) में कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश हाइयर सेकेंडरी स्कूल झाबर दीपका की प्रतिभागी खुशबू डहरवाल ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस तरह के बेहतरीन परिणाम के पश्चात संपूर्ण विद्यालय परिवार और छात्रा के माता-पिता गौरवान्वित हुए हैं। परीक्षा में गाय के धार्मिक पक्ष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण और सामाजिक जीवन में उसकी उपयोगिता से संबंधित विषयों को शामिल किया गया है, जिसमें छात्रा ने 55 अंक अर्जित कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## निधन

### रेत खदानों...

स्थल पर निरीक्षण और आवागमन सुगम हो सके। उप संचालक खनिज विभाग प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। आम नागरिक किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत रेत खदानों से संबंधित अवैध गतिविधियों के बारे में नीचे दिए गए मोबाइल नंबरों में प्रेम राजपूत- 8770924807, संजू लहरे- 8839538188, छतसिंह खैरवार-9753266726, श्रावकुमार श्रीवास- 7447063227 पर सम्पर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन या परिवहन संबंधी सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सुशासन की स्थापना में सहयोग प्रदान करते हुए किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना त्वरित रूप से उपलब्ध कराएँ।

# स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का बालको बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्व. केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 के चैंपियन का ताज पुनः बालको की टीम के सिर सजा। फाइनल मुकाबले में शिक्षा विभाग की टीम को परास्त कर बालको की टीम ने ट्राफी अपने नाम की। टॉस जीतकर बालको की टीम ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बालको की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 157 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिक्षा विभाग की टीम लगातार अंतराल पर विकेट खोती रही। 8 विकेट खोकर शिक्षा विभाग की टीम 100 रन ही बना सकी। बालको की टीम ने 57 रन से फाइनल मुकाबले को जीतकर टाइटल अपने नाम किया। बालको की टीम के मंजय सिंह ने 24 गेंद में शानदार 56 रन बनाए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। विजेता टीम बालको को उपस्थित अतिथियों द्वारा स्व.केशव लाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता की चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता टीम शिक्षा विभाग को स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति ट्रॉफी से नवाजा गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम मंचस्थ रहे। मुख्य अतिथि की आसंदी से कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब पिछले 22 वर्षों से वरिष्ठ पत्रकार स्व. केशव लाल मेहता की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करा रहा है। प्रेस क्लब का यह आयोजन काबिले तारीफ है। नगर निगम आयुक्त श्री पांडेय ने कहा कि विभिन्न विभाग और औद्योगिक उपक्रमों को एक मंच पर लाकर इस तरह का आयोजन करना सराहनीय है।

अलग खबर

### फाइनल मुकाबले में शिक्षा विभाग को 57 रन से किया परास्त

**खास बातें**

- कलेक्टर, एसपी ने कार्यक्रम को सराहा।
- 22 वर्षों से आयोजित हो रही है प्रतियोगिता



### नगर निगम क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों, पुल-पुलिया, स्कूल भवनों को बजट में मिली स्वीकृति

# कैबिनेट मंत्री के प्रस्ताव पर नगर एवं जिले को बजट में मिली करोड़ों की सौगातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त प्रयासों से नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क निर्माण, पुल पुलिया का निर्माण, शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति बजट में प्राप्त हुई है।

जारी बजट के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में बालको रोड से ढोढीपारा नहर मार्ग होते हुए पंपहाउस तक 12 किलोमीटर लंबे टू लेन मार्ग हेतु 9.60 करोड़, सोनालिया पुल का निर्माण 7.20 करोड़, बालको नगर क्षेत्र के बंद हो चुकी गर्म नहर मार्ग का भराव करते हुए अमर होटल से आगे की ओर सीसी रोड सड़क निर्माण लंबाई 4 किलोमीटर लागत 6.40 करोड़, दादर से नकटीखार 5 किलोमीटर लंबाई पहुंच मार्ग निर्माण 5.60 करोड़, रूमगरा चौक से सोनपुरी मार्ग 6 किमी 5.60 करोड़, रूमगड़ा से जाम बाहर तक सीसी मार्ग निर्माण लंबाई 4 किलोमीटर लागत 4.80 करोड़, कोरबा शहर के रानी रोड से नदी की ओर दुरपा रोड को जोड़ते हुए सर्वमंगला ब्रिज के नीचे तक सीसी सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3 किलोमीटर लागत 4.80 करोड़, डिंगापुर से सिंचाई कॉलोनी मुक्तिधाम रामपुर तक सीसी मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3 किलोमीटर, लागत 4 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। साथ ही देवी अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन सेंटर कोरबा का वातानुकूलित कार्य 2.50करोड़ और कटघोरा में हाईटेक बस स्टैंड निर्माण कार्य 5 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त अलग-अलग विभागों के माध्यम से कई अन्य स्वीकृत बजट में प्राप्त हुई है। शहर के सीएसईबी चौक कोरबा के पास वाइस सेफ रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य, बरबसपुर यार्ड के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य के साथ साथ कोरबा चापा गेवरा रेल लाइन में दो स्थान पर ओवर ब्रिज निर्माण सर्वेक्षण हेतु 16 करोड़ की स्वीकृति मिली है। स्कूल शिक्षा विभाग में प्रदेश के ढाई सौ प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है इसमें से कोरबा जिले के 22 प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हुई। इसमें से प्राथमिक शाला देवद्वारी, मोती सागर पारा, बेला कछार, शासकीय कन्या कोरबा, लालघाट, सेंट्रल वर्कशॉप, गोकुल नगर, दादर खुर्द, नया रिसदी, डूमरडीह झगहरा, करतला के गनियारी, बुढ़िया पाली, भाटापारा, बंजारी, पाली के चारपारा, सेमर कछार, दहीबोरापारा, शांति नगर, पोड़ी उपरोड़ा के खोडरी, कुम्हारी सनी, चचाईयापारा, बनवार प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी तरह करतला ब्लॉक के दो हाई स्कूल भवन शासकीय हाई स्कूल फतेगंज, नोन्दहरा प्रति भवन 75.33 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है।



लखनलाल देवांगन

### कुल मिलाकर यह बजट जुमले का बजट : जयसिंह



पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयसिंह अग्रवाल ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह असफल रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। सरकार ने बड़े-बड़े दावे तो किए हैं लेकिन जमीनी स्तर पर राहत देने वाले ठोस कदमों का अभाव है। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक चुनौतियों के बीच सरकार को जनहितकारी योजनाओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए था लेकिन बजट में प्राथमिकताएं स्पष्ट नहीं दिखतीं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और शहरी व ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस वित्तीय प्रावधान आवश्यक थे। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि जिन वायदे के चलते सरकार में आए हैं उन वायदे पर कोई जिक्र नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट जूमले का बजट हो गया है।

### महिलाओं, किसानों और युवाओं के सशक्तिकरण का बजट : गोपाल मोदी



छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विधानसभा में राज्य का तीसरा बजट (2026-27) प्रस्तुत किया, जिसे संकल्प बजट नाम दिया गया है। 1.72 लाख करोड़ रुपये के इस बजट का मूल मंत्र ज्ञान और गति के माध्यम से समावेशी विकास है। यह बजट अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय और लाइवलीहुड सशक्तिकरण पर केंद्रित है। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आमजन, किसान, युवा, महिला एवं व्यापारी वर्ग की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरने वाला है। उन्होंने इसे विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक बजट बताया। 1.72 लाख करोड़ रुपये का यह बजट राज्य की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और सामाजिक कल्याण योजनाओं को गति देने वाला है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि कर विकास कार्यों को नई रफ्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। गोपाल मोदी ने कहा कि वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी जी द्वारा प्रस्तुत यह संतुलित एवं जनहितैषी बजट प्रदेश की आर्थिक स्थिति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। इसमें ग्रामीण विकास, सड़क निर्माण, सिंचाई योजनाओं एवं युवाओं के कौशल विकास पर विशेष बल दिया गया हैं।

### बजट में युवाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम : सुभाष



भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष राठौर ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 जोरदार स्वागत करते हुए इसे युवाओं के सपने का बजट बताया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने इस बजट के माध्यम से युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बताया। स्वरोजगार को लेकर उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए सब्सिडी और बिना ब्याज के लोन जैसे सुविधा युवाओं को नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनाने वाला बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। वही खेल सुविधाओं के विस्तार और जिला स्तर पर नई खेल अकादमी की घोषणा से प्रदेश की युवा खेल प्रतिभागियों को नई ऊर्जा और मंच मिलेगा। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बजट में घोषित 5 मुख्यमंत्री मिशन एआई मिशन, खेल उत्कर्ष मिशन, पर्यटन विकास मिशन, अधोसंरचना मिशन एवं स्टार्टअप निपून मिशन युवाओं को आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप और कौशल विकास से जोड़ेंगे। साथ ही अधोसंरचना और पर्यटन क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। यह बजट किसानों, महिलाओं सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।

### फूले पलास....



**हरदीबाजार।** जंगलों में अब टेंसू (पलाश, परसा) खिलने लगे हैं। खिले फूलों की खुशबू के साथ अपनी मनमोहक, बहार बिखेरती हुई। बरबस ही अपनी ओर लोगों को आकर्षित करती है । टेंसू का फूल भगवान शिव को प्रिय है। इसका सुखा फूल भी शिव जी को चढ़ता है।

# जिले के 114 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस.एन. केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ तथा एकम फाउंडेशन के सहयोग से गैर संचारी रोग (एनसीडी) पर बीते दिनों कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के 114 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में टाइप 1 डायबिटीज के बढ़ते प्रभाव, परामर्श तकनीक, सामुदायिक जागरूकता तथा इसके नैदानिक प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला के दौरान पेशेंट सपोर्ट ग्रुप और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की भूमिका के साथ-साथ रोगियों एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि स्वास्थ्य कर्मी किस प्रकार टाइप 1 डायबिटीज मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आर्थिक बोझ से निपटने के लिए प्रभावी परामर्श प्रदान कर सकते हैं। प्रशिक्षण सत्र को सीएमएचओ डॉ केशरी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सोना, यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह एवं जिला प्रबंधक (अस्पताल) कुमारी गीता एक्का द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला प्रबंधक (एन.एच.एम.) श्री पद्माकर शिंदे तथा एनसीडी कंसल्टेंट डॉ. नरेन्द्र जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

# ठेले खोमचे वालों की हरकतों ने बढ़ाई नगर की मुश्किलें




सड़क किनारे लगा ठेला।

**खास बात**

- निगम के समझाईश के बाद भी नहीं हटा रहे ठेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता महा संकल्प के साथ कोरबा का नाम गोल्डन बुक का रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है लेकिन इससे बहुत से लोगों को मतलब नहीं है। महानदी परिसर के सामने ठेले गुमटी लगने और मौके पर गन्दगी फैलाने से स्वच्छता अभियान पर पलीता लग रहा है। और तो और कुछ लोगों के द्वारा समझाइश देने पर उन्हें ही उल्टे धमकी मिल रही है।

महानदी परिसर व्यवसायी संघ ने समस्या को लेकर आयुक्त और महापौर के पास शिकायत की। उन्हें बताया गया कि अवैध रूप से हो रहे इस कारोबार के कारण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं और हमारी दुकानों के सामने भी परेशानियां है। घटा रात्रि शिकायत पर संज्ञान लेने के साथ आयुक्त ने इस इलाके का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार आयुक्त के जाने के बाद ही यहां फिर से खोमचा और अन्य ठेले आ गए। व्यावसायिक संघ के द्वारा बताया गया कि इस तरह की हरकत करने पर जब उन्हें रोका टोका गया तो उनका कहना होता है कि किसमे हिम्मत है जो उन्हें हटा सके। एक सिंडिकेट के तौर पर इस तरह की दुकान है कोरबा में लग रही है और यह उल्टे उन कारोबारियों पर दबाब बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो नगर निगम के करदाता हैं। व्यवसायी संघ ने अधिकारियों से कहा है कि स्वच्छता अभियान पर प्रशन चिन्ह खड़े करने वाले सभी ठेलों को सडक के किनारे से हटाने का इंतजाम किया जाए।

### जियो टैगिंग के पश्चात हितग्राहियों को भुगतान सुनिश्चित करें

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण) अंतर्गत आवास निर्माण के पश्चात हितग्राहियों के खाते में राशि भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ को समीक्षा कर भुगतान की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण करने, पीएम आवास योजना शहरी क्षेत्रों के स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। अत्याधुनिक वृद्धाश्रम हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश कलेक्टर ने भारत सरकार की मंशा अनुरूप उप-संचालक समाज कल्याण विभाग को जिले में अत्याधुनिक वृद्धाश्रम हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# केंदई रेंज में हुई वन प्रबंधन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में शामिल प्रबंधन समिति के सदस्य।

जिले के केंदई वन परिक्षेत्र में स्थित वन प्रबंधन समिति करैइहापारा की बैठक कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत के निर्देशानुसार एवं केंदई रेंजर अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस बैठक में वनों को आग से बचाने, वन्य प्राणियों की जीवन सुरक्षा तथा पेड़ों की कटाई कड़ाई के साथ रोकने पर चर्चा की गई। बैठक में वनप्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबा राम यादव, उपाध्यक्ष नारायण सिंह, ग्राम सरपंच मनीता पैकरा, उपसरपंच, सीएफओ मंगल सिंह नायक, वन रक्षक पवन बिंझवार, फलसाय, सुकुल राम, रमन सिंह, बालम सिंह, रामेश्वर सिंह, सुमेंद्र सिंह, संभल राय, विजय, भलसाय, अनजल, तुलेश्वर, बंधुराम के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि गर्मी, तेंदूपत्ता एवं महुआ सीजन आते ही वनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है। ऐसे में हमारे समक्ष इसे रोकने की चुनौती रहती है। ग्रामीणों व वन विभाग के प्रयास से इसे रोका जा सकता है। अतः महुआ बीनने तथा तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए न तो वनों में स्वयं आग लगाएं और न ही अन्य लोगों को लगाने दें, उन्हें रोकने के लिए प्रेरित करें। वनों में आग लगने से पेड़ों को तो नुकसान होता ही है साथ ही वहां मौजूद वन्य प्राणियों की जान भी संकट में चला जाता है। चर्चा उपरांत बैठक में उपस्थित लोगों ने वनों में आग की घटनाएं रोकने तथा वन्य प्राणियों की रक्षा करने का शपथ लिया। उन्हें शपथ सीएफओ मंगल नायक ने दिलाई।

# नेशनल लोक अदालत, न्यायिक अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में उक्त तिथि को जिला न्यायालय कोरबा, तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, बैंक प्रकरण, लिखत पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण तथा अन्य व्यवहार वादों को रखा जाएगा। संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण, विशेष रूप से 5 से 10 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखने तथा अधिकतम निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से न्यायिक अधिकारियों की प्रथम बैठक जिला न्यायालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि जिन पक्षकारों के प्रकरण समझौते के आधार पर निराकरण योग्य हैं, वे अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु संबंधित न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लाभान्वित हो सकते हैं।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### पतंजलि किसान सेवा समिति की राज्य स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

**कोरबा।** ग्राम पंचायत पोड़ी तहसील पाली में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान, पतंजलि युवा भारत एवं पतंजलि किसान सेवा समिति की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें योग कक्षाओं का विस्तार, संगठन को मजबूत बनाने एवं रोजगार, स्वदेशी अपनाओ जैसे मुद्दे पर विशेष चर्चा हुई। जिसमें युवा भारत राज्य प्रभारी आदरणीय जयंत भारती गोस्वामी, छत्तीसगढ़ राज्य संगठन प्रभारी राम शर्मा, भारत स्वाभिमान सह राज्य प्रभारी अनूप बंसल, पतंजलि योग समिति के संरक्षक राम ऋषि, पतंजलि किसान सेवा समिति के सह राज्य प्रभारी आदरणीय विकेश, पतंजलि युवा भारत के राज्य संवाद प्रभारी संजय कूर्मवंशी, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रामेश्वर प्रसाद पांडे, भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी सुखलाल चौहान, युवा भारत जिला प्रभारी इन्द्रनारायण जायसवाल, अश्वनी चंद्रा, अरविंद पाण्डेय, ईश्वर बघेल साथ में बड़ी संख्या में योग साधकगण उपस्थित थे।

### यात्री प्रतीक्षालय बना कूड़ादान, शराबियों और जानवरों ने बनाया अपना अड्डा



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका वार्ड क्रमांक 30 के अंतर्गत आने वाली यात्री प्रतीक्षालय जो पहले नगर निगम के द्वारा निर्माणाधीन किया गया था, जो अब नगर पालिका बांकीमोंगरा के अंतर्गत या प्रतीक्षालय आता है दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जब से नगर निगम के द्वारा निर्माण हुआ था तब भी यह यात्री प्रतीक्षालय की स्थिति वही थी, और जब से नगर पालिका बांकी का दर्जा मिला है तब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। गेवरा बस्ती हनुमान चौक जहां साप्ताहिक बाजार तक लगई जाती है वहां का यह प्रतीक्षालय पूरी तरीके से कूड़े कचरे और शराबियों के साथ जानवरों का अड्डा बना हुआ है। क्षेत्र की आबादी के तौर पर चौक पर मंत्र एक प्रतीक्षालय व बगल में बने शौचालय है जिसका उपयोग आने जाने वाले राहगीर महिलाओं के साथ चौक से बस के लिए सवारी बैठने वाले करते हैं। ऐसी स्थिति को देखते कोई उसका उपयोग नहीं कर पा रहा है। जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए और साफ सफाई करवानी होगी।

### अंत्योदय व पंच परिवर्तन पर भाजपा करेगी कामः गोपाल

**कोरबा।** जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा है कि कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और सक्रिय बने, इसके लिए लगातार हमारे कार्यक्रम चलते रहेंगे। अंत्योदय तक हमारी पहुंच होगी। समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाकर लोगों को लाभान्वित करना हमारा उद्देश्य है। भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में गोपाल मोदी ने यह बात कही। प्रथम सत्र में जिला प्रभारी अनिल केसरवानी ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठनात्मक विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम की भावना है, जिसे कार्यकर्ता अपने आचरण में उतारे। द्वितीय सत्र में विधानसभा सह योजना बैठक में अगली रणनीति और अंतिम सत्र में पीपीटी प्रशिक्षण नवाचार पर चर्चा हुई। इस सत्र की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने की। मुख्य वक्ता जिला सह प्रभारी बृजेन्द्र शुक्ला ने संगठनात्मक नवाचार एवं कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। पंच परिवर्तन के बारे में पूर्व महापौर जोगेश लांबा और लीनेश ठोकने ने अपनी बात रखी।

# सीईआर के तहत 11 गांवों के युवाओं को दिया गया कौशल विकास का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2 गुना 660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ 11 गांवों के युवा एवं विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण एवं विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग चरणबद्ध रूप से आयोजित की गई।

राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के तहत आयोजित इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की सहायता ली गई। जनरेशन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को प्राथमिकता के साथ जमीनी स्तर पर ला रही है। इसी कड़ी में गांव-गांव में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। अभी तक दो चरणों में पांच-पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा चुका है। साथ ही चिह्ननांकित आठ स्थानों पर विद्यार्थियों के लिए सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग की जा चुकी है। इनमें एनटीपीसी केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-04 गोपालपुर, शासकीय हाईस्कूल स्याहीमुड़ी, गोपालपुर, अयोध्यापुरी, दर्री, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरीकला, विद्युतगृह हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-दो दर्री, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एनटीपीसी-जमनीपाली शामिल हैं। जनरेशन कंपनी के इस अभियान से ग्राम लोतलोता, स्याहीमुड़ी, चुईया, जमनीपाली, झाबू, पंडरीपानी, नवागांव-कला, डिंडोलभाठा, बिरवट, डोडकधरी और चिरहुट के युवा एवं विद्यार्थी लाभान्वित हुए। निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के कार्यों को मुख्य अभियंता एचके सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षण विभाग द्वारा पूरा कराया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी की भूमिका निभाते हुए सिपेट-कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में रजनीश पांडेय, नीतीश कुमार, संजय बदुक एवं महेश तुडु शामिल रहे। प्रशिक्षकों द्वारा पांच दिवसीय रोजगार मूलक कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली मशीनों की कार्यप्रणाली, रखरखाव एवं कंप्यूटर संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सिपेट द्वारा युवाओं को आईटीआई प्रशिक्षण की तर्ज पर कन्वेंशनल मशीनिंग और कंप्यूटर न्यूमेरिक कंट्रोल मशीनिंग का प्रशिक्षण दिया गया।

## निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को पूरा कर रहा प्रबंधन

**खास बातें**

- केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्था की ली गई सहायता
- गांव गांव में चला अभियान




## बेरिकेड को पार करने के बाद पुलिस ने रोका कांग्रेसियों को

# मनरेगा बचाओ अभियान : रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी



पुलिस के साथ झूमाझटकी करते कांग्रेसी।



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद एवं पूर्व मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कोसाबाड़ी मे आमसभा का आयोजन कर कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कोसाबाड़ी चौक में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए जहां मंच के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा इसके बाद कांग्रेसी रैली की शक्ल में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करने निकले। जैसे ही रैली कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ी इस दौरान पहले से ही प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर बेरिकेडिंग लगा दिया था। पहले बेरिकेड को हटाकर कांग्रेसी आगे बढ़े लेकिन कुछ ही कदम पर दूसरे बेरिकेड पर कांग्रेसियों को रोक लिया गया। इस दौरान कांग्रेसियों व पुलिस कर्मियों के बीच झूमाझटकी भी देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर व्ही बी जी राम जी किये जाने के विरोध में कांग्रेस ने देशव्यापी आंदोलन मनरेगा बचाओ अभियान चलाया है जिसके तहत जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीनने का काम किया है। मनरेगा कानून परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। पहले मनरेगा सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित थी लेकिन अब केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया गया है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और गरीब मजदूरों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा अब तक सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया है। विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि मनरेगा स्कीम देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा रहा है। मनरेगा रोजगार का गारंटी अधिकार था लेकिन अब इसमें नाम के साथ - साथ नियमों में बदलाव किया गया जो पूरी तरह से केन्द्र सरकार की मर्जी पर निर्भर रहेगा। पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा ने कहा कि भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर झूठ बोला है। पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि मनरेगा अधिनियम को वर्ष 2005 में मनमोहन सिंह सरकार ने लागु किया था। यह अधिकार आधारित कानून था जो प्रत्येक ग्रामीण को मजदूरी का वैधानिक अधिकार देता था। अब इस योजना के नियमों को परिवर्तन कर वैधानिक अधिकार को खत्म किया जा रहा है। सभा को पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, कटघोरा नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, छुरी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, सांसद प्रतिनिधि शोभना देवांगन, प्रदीप अग्रवाल सहित ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने किया एवं आभार ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से महेन्द्र थवाईत, हीरा यादव, नंद कुमार देवांगन, प्रमोद श्रीवास तुमान, शांति स्वरूप महंत रामपुर, यशपाल सिंह गजरा, फिरोज अनंत मोंगरा, अजय कंवर गजरा, मानिकपुरी टेलर्स बांकी, धनंजय दिवान कुसमुण्डा, खिलावन देवांगन उमरेली, पुष्पा पात्रे, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जया लहरे, रजनीश तिवारी, संतोष देवांगन, सूरज मानिकपुरी, मेवालाल मन्नेवार, योगेश कंवर दीपका, बोधन लाल रंजना, गोरेलाल कटघोरा, पुरान सिंह चैतमा, लक्ष्मीनारायण बरपाली, प्रीतम शुक्ला बरपाली, मनहरण राठौर सहित अन्य शामिल थे।

### मनरेगा मजदूरों का था लाइफ लाइन : केशरवानी

कांग्रेस के कोरबा जिला प्रभारी विजय केशरवानी ने कहा कि मनरेगा रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम देने का कानून था। श्रमिक को काम लेने का अधिकार था। इस योजना के तहत सरकारी फरमान से कभी काम नहीं रोका गया। पिछले दो दशक से यह योजना 12 करोड़ से भी अधिक मनरेगा मजदूरों के लिए लाइफलाईन रहा है। कोविड महामारी के समय भी यह योजना आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ था।

# शारदा विहार सार्वजनिक मैदान में अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के मध्य स्थित शारदा विहार कॉलोनी का सार्वजनिक मैदान इन दिनों अतिक्रमण और असामाजिक गतिविधियों की चपेट में है। बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण मैदान की खुली जमीन पर धीरे-धीरे कब्जे की आशंका बढ़ती जा रही है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कुछ लोग यहां कपड़े और कचरा फेंककर क्षेत्र को गंदा कर रहे हैं, जिससे न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति की स्थिति भी खराब होती जा रही है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार मैदान के आसपास लगाए गए बिजली खंभों की लाइटें भी गायब हो गई हैं। अंधेरा होने के बाद यहां नशाखोरी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है। इससे कॉलोनी में रहने वाले परिवारों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। शाम ढलते ही अभिभावक बच्चों को मैदान की ओर जाने से रोकने लगे हैं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि यह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने और सामाजिक आयोजनों का प्रमुख स्थान रहा है, लेकिन वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। यदि समय रहते प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो भविष्य में यहां अवैध कब्जा स्थायी रूप ले सकता है। निवासियों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से मांग की है कि मैदान की तत्काल बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, स्ट्रीट लाइट कीव्यवस्था पुनः सुनिश्चित की जाए तथा नियमित पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए ताकि सार्वजनिक स्थल को सुरक्षित रखा जा सके और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनी रहे।

# सफाई नहीं होने से वार्डों की नालियों का पानी बह रहा मोहल्ले में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका



नगर पालिका वार्ड क्रमांक 25 के क्षेत्र में नालियों के बेहतर साफ सफाई न होने से नालियों में गंदे पानी का जमावड़ा बनता जा रहा है और भारी नालियों के गंदे पानी रोड तक बह रहे हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में भी समस्याएं हो रही है साथ ही मच्छरों का भी प्रभाव पड़ता जा रहा है। क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई न होने से लोगों में खासा नाराजगी बताई जा रही है। वार्ड 25 के दिनेश अग्रवाल का कहना है कि नगर पालिका की कर्मचारी साफ सफाई के लिए आते हैं लेकिन नालियों के ऊपर ऊपर के हिस्से को साफ-सफाई कर जमी नाली के गंदगियों को बेहतर स्तरीय से सफाई नहीं करते इस वजह से नालियों में पानी भरने से नालियों का गंदा पानी रोड मे बेहता रहता है। और जगह-जगह गड्ढे मे गंदे पानियों के जमने के वजह से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ता है यहां तक के क्षेत्र के दिनेश अग्रवाल जी का कहना है शिकायत के बावजूद सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

# 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, 366 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत आज हाई स्कूल परीक्षा विषय अंग्रेजी (080) की परीक्षा आयोजित की गई। कोरबा में जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल क्रमांक 1 द्वारा सेजेस चैतमा, सेजेस लाफा, सेजेस पोंड़ी (लाफा), सेजेस पाली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली, दल क्रमांक 2 द्वारा शासकीय हाई स्कूल घुड़देवा, सेजेस मोंगरा, सेजेस अरदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 4 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला, सोहागपुर, उमरेली और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 5 ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी, कुदुरमाल, उरगा, फरसवानी, कोथारी, बरपाली और नोडल अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा, प्रयास कोरबा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी कोरबा, विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 कोरबा, ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, निर्मला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसाबाड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की कोई घटना दर्ज नहीं हुई। दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12 हजार 586 रही, जिनमें से 12 हजार220 विद्यार्थी उपस्थित थे और 366 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

### स्थापना व संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**कोरबा।** जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 सीटर डे केयर सेंटर-सियान गुड़ी का प्राथमिक स्तर पर स्थापना एवं संचालन किया जाना है। जिसके लिए रूचि रखने वाले स्वैच्छिक संस्थाओं से द्वितीय रिकवेस्ट फार प्रपोजल उप संचालक समाज कल्याण जिला के पते पर 9 मार्च तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्था/फर्म आधिकारिक वेबसाईट पर उक्त प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# खाद्यान्न का भंडारण और वितरण सुनिश्चित कराएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर व अन्य।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए और टीएल के लंबित प्रकरणों को निराकरण कर जानकारी प्रस्तुत करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण न होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग-नॉन को निर्देशित किया कि राशन दुकानों में भंडारण समय पर होने के साथ हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राथमिकता से वितरित हो। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद्य निरीक्षकों की बैठक लेकर समीक्षा करने और खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन दुकान में खाद्यान्न का गबन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के सभी पीएमश्री विद्यालयों में नियुक्त नोडल अधिकारियों को विद्यालय का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन करने और आवश्यकताओं की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को पीएमश्री विद्यालय में गुणवत्ता सुधार के साथ उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की दिशा में योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं को भी ध्यान रख रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ होने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य हेतु वन विभाग को 7 दिवस के भीतर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्राहक सर्वेक्षण, कार्ड वितरण, बीमा, फड़ मुंशी की नियुक्ति, अभिरक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक भुगतान उनके खाते में ही 48 घंटे के भीतर ऑनलाइन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संग्राहकों के बैंक खाते समय पर खुल जाएं, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिला योजना समिति से अनुमोदन पश्चात वार्षिक, तीन वर्षीय, पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार कर इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, कृषि, पशुपालन, ईको-पर्यटनदृहोमस्टे, पीवीटीजी बसाहटों में विकास कार्य आदि को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों में डिजिटल भारत के तहत मोबाइल टॉवर स्थापना के लिए 5 मार्च तक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्री जगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
25 अप्रैल, 2026
16 मई, 2026
राशि स्लीपर ₹21,500/- ऑफर ₹18,500/- 3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)